तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


4
खदान विस्तार का विरोध, किसान सभा ने घेरा गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय




## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान विगत 12 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा है। भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने

इच्छुक छात्र आवेदन करें, अंतिम तिथि : 16/10/2025




की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782. **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**
Advt.

## खबर संक्षेप

### गुजराती समाज ने धूमधाम से मनाया शरद पूर्णिमा उत्सव

**कोरबा।** श्री गुजराती समाज द्वारा जलाराम मंदिर परिसर स्थित समाज के भवन में 7 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर समाज के युवक-युवतियों सहित महिलाओं ने गरबा का भी आनंद लिया। मनोरंजक कार्यक्रम के तहत हौजी में लोगों ने अपनी किस्मत आजमाई। समाज के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों को शरद पूर्णिमा की बधाई दी। अंत में खीर प्रसाद का सभी सदस्यों ने लुत्फ उठाया।

### विद्युत कर्मियों को लाभांश आधारित बोनस की फेडरेशन 1 ने रखी मांग

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 1 ने विद्युत अधिकारी कर्मचारियों को दशहरा दीपावली पर लाभांश आधारित (सीलिंग रहित) बोनस दिए जाने की मांग की है। विद्युत कंपनी में कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने प्रत्येक वर्ष दशहरा दीपावली पर बोनस प्रदान किया जाता है, लेकिन बोनस की राशि काफी कम होने और लाभांश आधारित बोनस नहीं दिए जाने से कर्मचारी काफी हतोत्साहित होते हैं। फेडरेशन महासचिव आरसी चेट्टी ने विद्युत मंडल से कम्पनी बनने पर सभी अधिकारी कर्मचारियों को कंपनी लाभांश आधारित बोनस दिए जाने की मांग प्रबंधन से की है। ऊर्जा सचिव डॉ.रोहित यादव को लिखे पत्र में उल्लेख किया गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी ऊर्जा के क्षेत्र में संपूर्ण राष्ट्र में अग्रणी क्रम में है। कंपनी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर अनेक वर्षों से उत्पादन, पारेषण, वितरण के क्षेत्र में देश के अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी विशिष्ट पहचान लगातार स्थापित की जा रही है। देश व राज्य के अनेक उद्योगों संस्थानों जैसे रेलवे, एसईसीएल, एनटीपीसी, स्टील कंपनी आदि में कार्यरत कर्मियों को लाभांश उत्पादकता आधारित सिलिंग रहित बोनस, एक्सग्रेसिया प्रदाय किया जा रहा है। संगठन का सुझाव है कि विद्युत के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी के कर्मियों को भी अन्य संस्थानों के अनुरूप सिलिंग रहित बोनस एक्सग्रेसिया भुगतान के संबंध में जल्द निर्णय लिया जाए।

### बिजली कर्मचारी महासंघ की डगनिया में आमसभा आज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के प्रदेश कार्यसमिति कार्यकारिणी की बैठक में अखिल भारतीय मंत्री एवं उद्योग प्रभारी भारतीय मजदूर संघ के मार्गदर्शन में अधिकारी कर्मचारियों की 22 सूत्रीय मांगों के संबंध में और विद्युत कंपनी प्रबंधन के झूठे आश्वाशन और वादाखिलाफी के विरोध में 9 अक्टूबर को विशाल आमसभा एवं धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया था, जिसके तहत प्रथम चरण 29 अगस्त को प्रदेश के समस्त जिला के जिलाधीश को केंद्रीय ऊर्जा मंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपने का कार्य किया गया। द्वितीय चरण के तहत 1 से 30 सितंबर तक महासंघ के पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश के तहत प्रदेश के प्रत्येक कार्यालय में कर्मचारी मांग का पोस्टर चस्पा करते हुए कर्मचारियों को हैंड बिल वितरित किया गया और सघन प्रचार-प्रसार किया गया। 1 से 8 अक्टूबर तक कम्पनी प्रबंधन के वादाखिलाफी के विरोध में काली पट्टी लगाकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रचार प्रसार के दौरान कर्मचारियों ने अभूतपूर्व उत्साह दिखा और 9 अक्टूबर के आंदोलन में भारी संख्या में सम्मिलित होने का संकल्प लिया गया।

# इस बरस धान खरीदी होगी सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

धान खरीदी के दौरान होने वाले गड़बड़ियों के दौरान सरकार ने सभी धान खरीदी केंद्र में सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए हैं बीते वर्ष ही निर्देश जारी होने के बाद भी सभी उपार्जन केंद्रों में नहीं लग सके थे। इस बार सभी उपार्जन केंद्रों के साथ समितियों में भी कैमरा लगाना अनिवार्य किया गया है।

जिले में 41 समिति सहकारी समिति संचालित हैं जिनके द्वारा धान खरीदी की जाती है। इसके अलावा 24 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। कुल 63 केंद्रों से इस वर्ष खरीदी होगी और सभी में सीसीटीवी कैमरा लगाना आवश्यक किया गया है। प्रत्येक समिति को इसका खर्च स्वयं वहन करना होगा। राज्य शासन की ओर से इसके लिए अलग से कोई राशि जारी नहीं की जाएगी। 4 सौ ग्राम पंचायत के लिए 63 धान खरीदी केंद्र संचालित हो रहे हैं। जिनमें बीते वर्ष के आंकड़े के अनुसार 52 हजार किसान धान खरीदी के लिए पंजीयन कराए थे। इस वर्ष यह आंकड़ा और भी बढ़ने की उम्मीद है। 31 अक्टूबर तक पंजीयन तिथि तय किये जाने से जो किसान अब तक पंजीयन नहीं करा सके हैं उन्हें एक और मौका मिला है। इस खरीदी में कोई भी किसान औसत उत्पादन से ज्यादा धान न बेच सके इसके लिए एग्रोटेक पोर्टल में भी पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। जिसकी वजह से किसानों को दो जगह पंजीयन कराना होगा। एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन कराने के बाद ही किसान समिति में पंजीयन करा सकेंगे।

### समितियों को उठाना पड़ेगा कैमरे लगाने का खर्च

**खास बातें**

- गड़बड़ी रोकने राज्य शासन ने जारी किया आदेश
- इस साल 63 केंद्रों में होगी धान की खरीदी



### एक समिति के उपर पड़ रहा आर्थिक भार

राज्य शासन ने समितियों के साथ उपार्जन केंद्र में भी कैमरा लगाना अनिवार्य किया गया है किंतु जो नई समितियां अस्तित्व में नहीं आ सकी है और उपार्जन केंद्र का ही काम कर रही है। उनका खर्च भी पुरानी समितियों को उठाना पड़ेगा। इससे एक समिति के उपर दो दो स्थानों में कैमरे लगाने का खर्चा उठाना पड़ेगा। जो आर्थिक रुप से समितियों के उपर भारी पड़ेगा। ऐसी 14 समितियां हैं जिनके अंतर्गत एक एक उपार्जन केंद्र हैं।

### परिसीमन के बाद अस्तित्व में नहीं आयी समितियां

धान खरीदी के लिए जिले में पूर्व से 41 समितियां संचालित हैं, जिनकी संख्या बढ़ाने के लिए पिछले वर्ष सहकारी समितियों का नये सिरे से पुर्नगठन के लिए परिसीमन किया गया था। इस परिसीमन के बाद 14 नई समितियां बननी थी जिससे कुल समितियों की संख्या 55 हो जाती किंतु एक साल बाद भी 14 नई समितियां परिसीमन के बाद भी अस्तित्व में नहीं आ सकी है और अभी भी उन्हें उपार्जन केंद्र का दर्जा दिया गया है। जबकि उपार्जन केंद्र और समितियों के रिकार्ड में अंतर होता है।

### ग्रामीणों ने 725 एकड़ जमीन अधिग्रहण रद्द करने की रखी मांग

# विजय सेंट्रल कोल ब्लॉक आबंटन का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विजय सेंट्रल कोल ब्लॉक से प्रभावित ग्रामीणों ने कोल ब्लॉक आबंटन का विरोध शुरू कर दिया है। यह कोल ब्लॉक पश्चिम बंगाल की रूंगटा संस प्राइवेट लिमिटेड को कमर्शियल माइनिंग के लिए आवंटित किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इससे बड़े पैमाने पर घने जंगल की कटाई होगी और 725 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। ग्रामीणों की मांग है कि कोल ब्लॉक के लिए प्रस्तावित 725 एकड़ जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए।

**खास बात**

- तहसीलदार को सौंपा आवेदन, मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी


ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

जिले में कोल ब्लॉकों व कोयला खदानों के विस्तार का विरोध पहले भी देखा गया है। अब कमर्शियल माइनिंग के तहत आबंटित जिले के विजय सेंट्रल कोल ब्लॉक को रद्द करने ग्रामीणों ने पसान तहसीलदार नवीन देवांगन को ज्ञापन सौंपा है। प्रभावित ग्रामीणों का कहना है कि खदानों के कारण विस्थापन, प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं। ग्रामीणों को लगता है कि उन्हें उनकी जमीन के बदले उचित मुआवजा और रोजगार नहीं मिल रहा है। कोयला खदानों से निकलने वाले प्रदूषकों के कारण वायु, जल और भूमि प्रदूषण बढ़ रहा है। इससे ग्रामीणों को श्वसन संबंधी समस्याओं सहित कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया है कि रुंगटा कंपनी की ओपन कास्ट कोयला खदान से विजयदाड गांव और आसपास के पंचायत क्षेत्रों को काफी नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि जंगल कटेंगे और हाथी प्रभावित क्षेत्र होने के कारण वन्यजीवों पर भी गंभीर असर पड़ेगा। लाखों पेड़ों की कटाई से जंगल और जमीन दोनों के छिन जाने की आशंका है।

### उग्र आंदोलन की भी दी चेतावनी

ग्रामीणों का कहना है कि वे वर्ष 2018 से वन विभाग से पट्टे की मांग कर रहे हैं, लेकिन उन्हें उनका हक नहीं मिला। अब एक कंपनी के आने के बाद उन्हें पेड़ काटने के आदेश दिए जा रहे हैं। यही वजह है कि ग्रामीणों ने विजय सेंट्रल कोल ब्लॉक को आबंटन को रद्द करने की मांग शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

# सब इंजीनियर के नाबालिग पुत्र को डरा धमका कर लाखों का सोना खपाया, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो युवकों ने मिलकर पड़ोस में रहने वाले सेवानिवृत्त सब इंजीनियर के एक नाबालिग पुत्र को डरा धमका कर पिछले दो महीने से उसके घर में रखे सोने चांदी के जेवरात को मंगा कर उसे खपाने की कोशिश कर रहे थे। इस बीच एक दिन जब सब इंजीनियर ने अपने घर की अलमारी खोली तो उसके होश उड़ गए। अलमारी में सोने चांदी के जेवरात गायब थे जब उसने अपने पुत्र से पूछताछ की तो उसने चौंकाने वाली जानकारी दी कि पड़ोस में रहने वाले दो युवकों ने उसे डरा धमका कर सोने चांदी के जेवरात उससे ले लिए हैं। फिर क्या था सब इंजीनियर इस मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है। जिसके बाद पुलिस की टीम हरकत में आई और पुलिस ने इस मामले में दोनों युवकों को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से सोने चांदी के जेवरात को बरामद कर लिया है।

**खास बातें**

- कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती भंडारी चौक का मामला
- सितंबर महीने से धीरे-धीरे घर से मांगते थे सोना चांदी का जेवरात


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। यहां पुरानी बस्ती भंडारी चौक में निवासरत हृदय नारायण सिंह पिता स्व. त्रिभुवन सिंह ठाकुर आरईएस विभाग में सब इंजीनियर के पद पर पदस्थ थे जो विभाग सेवानिवृत हो चुके हैं। बताया जाता है कि हृदय नारायण के नाबालिग पुत्र को इस बस्ती में रहने वाले दो युवकों ने अगस्त महीने में अपने पास बुला लिया और उसे मारपीट कर डरा धमका कर उसके घर में रखे सोने चांदी की डिमांड करने लगे। भयभीत हृदय नारायण का नाबालिग पुत्र अपने घर में रखे अलमारी से धीरे-धीरे कर सोने चांदी के जेवरात को लाकर दोनों युवकों को देने लगा। जब पिछले दिनों हृदय नारायण ने अपने घर की अलमारी की लॉकर को खोला तो उसने देखा कि घर में रखे सोने चांदी के जेवरात गायब हैं। जिसके बाद उसके होश उड़ गए और उसने अपने घर के अन्य सदस्यों से पूछताछ की तो किसी ने कोई भी जानकारी नहीं दी। बाद में अपने नाबालिग पुत्र को जब उसने पूछताछ की तो उसने बताया कि भंडारी चौक पुरानी बस्ती में रहने वाले बाबू जायसवाल 19 वर्ष पिता रामकुमार जायसवाल और प्रदीप कुमार पिता संजय कुमार दोनों ने मिलकर पिछले महीने उनसे डरा धमका कर धीरे-धीरे सोने चांदी के जेवरात की डिमांड की थी।

# मुख्यमंत्री साय का कटघोरा प्रवास आज अधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

एक सामाजिक कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का 9 अक्टूबर को कटघोरा लगभग तय है। प्रशासन के अधिकारियों ने कटघोरा में चकचकवा क्षेत्र पहुंचकर निरीक्षण किया और जरूरी निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री चकचकवा पहाड़ चौक में कंवर समाज के सामाजिक भवन के लिए भूमिपूजन करेंगे तो वहीं कसनिया तिराहे में जायसवाल समाज के सहस्त्रबाहु प्रतिमा का अनावरण करेंगे।


विष्णुदेव साय

कलेक्टर अजीत वसंत, अपर कलेक्टर पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नीतीश ठाकुर, एसडीएम कटघोरा तन्मय खन्ना, पोड़ी उपरोड़ा एसडीएम तुलाराम भारद्वाज, प्रभारी एसडीओपी डीके सिंह, तहसीलदार पोड़ी, तहसीलदार कटघोरा और नगर निरीक्षक धर्मनारायण तिवारी ने बुधवार को कटघोरा पहुंचकर चकचकवा बायपास तिराहे का निरीक्षण किया। जिस तरह की जानकारी मिली है उसमें बताया गया कि अंततः कंवर समाज को यह जमीन दी जानी तय की गई। एक प्रतिमा का अनावरण यहां पर मुख्यमंत्री के हाथों होना है। बताया गया कि कंवर समाज के लिए 25 वर्ष पहले सरकार ने कटघोरा में कोई एक जगह उसकी मांग पर जमीन देने की घोषणा की थी। समाज का दावा ⏭ शेष पेज 3 पर

# घर में बुलाकर पहले खिलाया खाना, पूछा क्या कर सकते हो फिर दिया जहर घुला पानी, प्रेमी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 26 वर्षीय युवक गांव में रहने वाले युवती से प्रेम किया करता था। जब युवती के परिजनों को उसके प्रेम प्रसंग के बारे में पता चला तो उसके प्रेमी को पहले और बुलाया और पहले उसका खूब स्वागत सत्कार किया और बाद में जब युवती के परिजनों ने उससे पूछा कि उसकी पुत्री से वह कितना प्रेम करता है उसके लिए क्या कर सकता है। युवती के परिजनों ने उसके सामने जहर घोलकर गिलास रख दिया फिर क्या था युवक सीधा उसे पी गया। हालत बिगड़ने पर उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र लेमरु थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम देवपहरी की है। यहां निवासरत कृष्ण कुमार पंडो उम्र 20 वर्ष पिता समय लाल पांडव गांव में ही रहने वाली एक युवती से उसका प्रेम प्रसंग चला आ रहा था। जब विगत दिनों युवती के परिजनों को पता चला कि कृष्ण कुमार उसकी पुत्री से प्रेम करता है तो कृष्ण कुमार को युवती के परिजनों ने खाने का निमंत्रण दिया था और उसे पहले घर में जमकर खाना परोसा जहां उसने खाना खाया और युवती के परिजनों ने कृष्ण कुमार से पूछा कि वह उसकी पुत्री से कितना प्यार करता है और उसके लिए क्या-क्या कर सकता है। युवती के परिजनों ने एक गिलास में जहर घोलकर दे दिया था और कृष्ण कुमार ने जहर घोलकर रखे गिलास को सीधा गटक गया और जब उसकी तबियत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे 27 सितंबर को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में लेकर पहुंचे थे जहां पिछले कई दिनों से उसका मेडिकल हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। इस बीच बुधवार की दोपहर कृष्ण कुमार की मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### 13 अक्टूबर से काम बंद कलम बंद हड़ताल की दी चेतावनी

# तबादला प्रक्रिया पर सवाल उठाया सचिव संघ ने, जाएंगे काम बंद हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे से पहले जिले के पंचायत सचिवों ने प्रशासन में मचे तबादला विवाद को लेकर मोर्चा खोल दिया है। सचिव संगठन ने जिला पंचायत कार्यालय पहुंचकर आरोप लगाया कि विभाग में तबादले पारदर्शी प्रक्रिया के बजाय सेटिंग और सौदेबाजी के आधार पर किए जा रहे हैं। इस मुद्दे पर सचिवों में भारी नाराजगी है और उन्होंने 13 अक्टूबर से काम बंद-कलम बंद हड़ताल की चेतावनी दी है।

ग्राम पंचायत तानाखार के सचिव मोहनचंद्र कौशिक का तबादला ग्राम पंचायत दम्हामुड़ा किया गया है। संगठन का कहना है कि कौशिक पर लगाए गए आरोपों की जांच पहले ही हो चुकी थी और वे निराधार पाए गए थे, फिर भी उनका तबादला कर दिया गया। इसे द्वेषपूर्ण कार्रवाई बताया गया है। इसी तरह, ग्राम पंचायत दुरेना के सचिव सुकलाल चौहान और खैरभावना के सचिव थान सिंह कंवर के तबादलों को भी संगठन ने मनमाना और अनुचित बताया है। सूत्रों के मुताबिक पंचायत विभाग के एपीओ मोहनीश देवांगन, जिनका तबादला सूरजपुर किया गया है, अब भी कोरबा में पदस्थ हैं और सचिवों के तबादलों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। संगठन का आरोप है कि बिना शिकायत और बिना कारण बताओ नोटिस के तबादले किए जा रहे हैं, जिनमें आर्थिक लेनदेन की भी चर्चा है। सचिव संगठन ने जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि अन्यायपूर्ण तबादलों को रद्द किया जाए और संबंधित अधिकारियों व ठेकेदारों की मिलीभगत की जांच कराई जाए। संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि कार्रवाई नहीं की गई, तो 13 अक्टूबर से जिलेभर में काम बंद-कलम बंद हड़ताल शुरू होगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।


विरोध प्रदर्शन करते पंचायत सचिव।

# निर्वाचन में नवाचार एवं मतदाता पंजीयन शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार शासकीय पीजी कॉलेज में प्राचार्य के मार्गदर्शन में प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित छात्र/छात्राएं जिनकी आयु 1 अक्टूबर 2025 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी हैं ऐसे पात्र छात्र/छात्राओं का ऑनलाइन पंजीयन, वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से पंजीकरण की प्रक्रिया हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किए गए नवाचार के प्रचार प्रसार हेतु जानकारी दी गई एवं छात्र/छात्राओं का इपिक कार्ड बनवाने हेतु आनलाईन माध्यम से फॉर्म 06 का पंजीकरण कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक नोडल अधिकारी बलराम कुर्रे एवं कैंपस एंबेसडर रेणुका धीवर, हिमांशु साहू, भव्य रात्रे, तरुण कुमार सारथी तथा छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही।

## खबर संक्षेप

### आरक्षक के साथ मारपीट के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** तीन माह पूर्व एक पुलिसकर्मी संजय लहरे के साथ सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत आईटीआई चौक के पास अज्ञात युवकों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। आरक्षक की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया था। मारपीट के मामले में मुख्य आरोपी बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत एकतानगर निवासी दिव्य साहू सन्नी पिता सुशील साहू उम्र लगभग 23 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की खोजबीन की जा रही है।

### सतनामी कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**कोरबा।** सतनामी कल्याण समिति के समस्त पदाधिकारियों ने बुधवार को सतनाम प्रांगण टीपी नगर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जो आने वाले समय में भी निरंतर जारी रहेगा। देश में स्वच्छता को लेकर एक बहुत ही सराहनीय कार्य राज्य शासन जिला प्रशासन के द्वारा कराया जा रहा है। स्वच्छता अभियान में एसके बंजारा, नारायण लाल कुर्रे, आरडी भारद्वाज, सुनीता पाटले, निर्मल किरण, पुष्कार आदिले, रामकपूर कुर्रे, डॉ जयकुमार लहरे, विजय दिवाकर, केआर डहरिया, सरजू, अजय, वरुण, गीत लहरे, सचिन कुर्रे का योगदान रहा। उक्त जानकारी सतनामी कल्याण समिति के संरक्षक एवं अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े ने दिया।

### पठियापाली में नई शिक्षिका के आने से बदली शिक्षा की तस्वीर




**कोरबा।** करतला विकासखंड के छोटे से ग्राम पठियापाली में बनी पूर्व माध्यमिक शाला क्षेत्र के बच्चों के लिए शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। इस स्कूल में आसपास के गाँवों- मौहार, धमनागुड़ी और ठरकपुर के बच्चे अपनी सपनों की नींव रखने आते हैं। पहले इस स्कूल में केवल तीन शिक्षक थे, जो 107 विद्यार्थियों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए दिन-रात मेहनत करते थे। लेकिन, शिक्षकों की कमी के कारण कई बार बच्चों को वह ध्यान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पाती थी, जिसके वे हकदार थे। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शुरू की गई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया ने इस स्कूल की तस्वीर बदल दी। इस प्रक्रिया के तहत स्कूल में एक नई शिक्षिका, श्रीमती सविता यदु, की नियुक्ति हुई। अब स्कूल में शिक्षकों की संख्या तीन से बढ़कर चार हो गई। यह बदलाव केवल एक शिक्षक की नियुक्ति तक सीमित नहीं था, बल्कि यह बच्चों के भविष्य को नई दिशा देने का एक सुनहरा अवसर साबित हुआ। श्रीमती सविता यदु हिंदी एवं सामाजिक विज्ञान की कक्षाएं लेती है। उन्होनें स्कूल में आते ही अपनी ऊर्जा और समर्पण से बच्चों के बीच नई उत्साह की लहर पैदा की। उनकी शिक्षण शैली ने बच्चों को न केवल किताबी ज्ञान दिया, बल्कि उनके अंदर सीखने की जिज्ञासा भी जगाई।

संयुक्त कलेक्टर को सौंपा गया सामान्य निर्वाचन व स्थानीय निर्वाचन का प्रभार

कोरबा। कलेक्टर अजीत वसंत ने प्रशासनिक व्यवस्था की दृष्टिकोण से पूर्व जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए सामान्य निर्वाचन एवं स्थानीय निर्वाचन का अतिरिक्त प्रभार अस्थायी रुप से आगामी आदेश पर्यन्त तक संयुक्त कलेक्टर श्रीमती माधुरी सोम ठाकुर को सौंपा है।

### 41 सड़कों से लेकर 1729 किमी तक हर गांव तक पहुंची पक्की डगर



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य अपने स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण कर रजत महोत्सव के ऐतिहासिक अवसर पर विकास की सुनहरी कहानी लिख रहा है। बीते ढाई दशकों में राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, उद्योग, ऊर्जा और ग्रामीण आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। इन्हीं में से एक प्रमुख क्षेत्र है सड़क संपर्क और परिवहन सुविधा का विस्तार, जिसने गांवों को शहरों से, किसानों को बाजारों से और नागरिकों को अवसरों से जोड़ा है। कोरबा जिला, जो राज्य की औद्योगिक राजधानी के रूप में जाना जाता है। आज सड़क विकास के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। यहाँ की पहाड़ी और वनांचल भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद, राज्य शासन ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत दूरस्थ ग्रामों तक पक्की सड़कों का जाल बिछाया है। रजत महोत्सव के अवसर पर जब राज्य के 25 वर्षों की यात्रा पर नजर डाली जाती है, तो कोरबा जिले का यह सड़क विकास अभियान गांव-गांव तक पहुँची प्रगति का प्रतीक बनकर उभरता है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की हुई समीक्षा बैठक

# लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत करने हेतु अधिकारियों को किया निर्देशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर तहसीलवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने लंबित सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने तहसीलवार अविवादित/विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, नक्शा बटांकन, अभिलेख शुद्धता, ई-कोर्ट प्रकरण सहित सभी राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की। अविवादित नामांतरण के आवेदनों की समीक्षा करते हुए उन्होंने लंबित प्रकरणों के निराकरण में सभी तहसीलदारों को विशेष प्रयास करने एवं गम्भीरता से प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसीलदारों को 3- 5 वर्ष के अधिक समय से लंबित भू अर्जन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत करने की बात कही। शून्य आदेश पत्रक वाले सभी प्रकरणों को भी यथाशीघ्र निराकृत करने हेतु निर्देशित किया त्रुटि सुधार के आवेदनों को भी गम्भीरता से निराकरण करने के लिए कहा। साथ ही



अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर अजीत वसंत।

नक्शा बटांकन कार्य में भी तत्परता से कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तहसीलदारों को कोटवारी भूमि, शासकीय पट्टे , भू अर्जन एवं खनिज प्रभावित क्षेत्रों की भूमि के खसरे में अहस्तांतरणीय दर्शाना सुनिश्चित करने की बात कही। जिससे उक्त भूमि की खरीदी बिक्री पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने सभी विकासखण्डों में मसाहती ग्राम के सर्वे व नक्शा प्रकाशन की वर्तमान स्थिति के संबंध में जानकारी लेते हुए नक्शा प्रकाशन के कार्य मे तेजी लाने के लिए कहा। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु शेष किसानों का पंजीयन भी जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए कहा। कलेक्टर श्री वसंत ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में भू अर्जन, व्यपवर्तन, त्रुटि सुधार, वृक्ष कटाई, डिजीटल सिग्नेचर, किसान किताब, आधार सिडिंग, स्वामित्व योजना, वन अधिकार पट्टा वितरण सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर सभी प्रकरणों के निराकरण हेतु राजस्व अधिकारियों को

#### कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक

कलेक्टर श्री वसंत ने सभी विभागीय अधिकारियों को ई- ऑफिस के माध्यम से ही फाइल आगे बढ़ाने के निर्देश दिए एवं सभी को ई-आफिस के कार्य प्रणाली में आने वाली तकनीकी त्रुटियों का भी ध्यान रखते हुए कार्य संपादित करने के लिए कहा। साथ ही बीईओ, बीएमओ, जनपदों जैसे ब्लॉक स्तर के कार्यालयों में भी ई- ऑफिस कार्यप्रणाली को जल्द से जल्द सक्रिय करने के निर्देश अधिकारियों को दिए एवं आवश्यकता अनुसार कर्मचारियों को एनआईसी के माध्यम से तकनीकी प्रशिक्षण दिलाने के लिए कहा। उन्होंने बंद हो चुकी शासकीय योजनाओं की बैंक खातों को शीघ्र ही बंद कराकर बचत राशि शासन के खाते में जमा कराने के निर्देश सभी विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने रेडक्रॉस को ब्लड डोनेशन वाहन उपलब्ध कराने की कार्यवाही भी यथाशीघ्र पूर्ण कराने के लिए कहा। कलेक्टर ने जिले में वयवन्दन कार्ड और आयुष्मान कार्ड निर्माण के अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए वंचित लोगों को शीघ्रता से लाभान्वित करने के लिए कहा। इस हेतु हितग्राहियों का पहचान कर डोर टू डोर जाकर उनका कार्ड बनवाने की बात कही। उन्होंने आत्मानंद विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की कार्यवाही पूर्ण पारदर्शिता के साथ शीघ्रता से पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया।

## पत्रकार और समाजसेवी स्व. जसराज जैन को दी श्रद्धांजलि



श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित शहर के जनप्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी स्व जसराज जैन के निधन पर पुरानी बस्ती स्थित सियान सदन में आयोजित शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर श्रमिक नेता मुरीत राम साहू ने कहा कि मैंने काफी आंदोलन किया जिसमें मुझे जसराज जैन का काफी सहयोग मिलता रहा। श्री जैन जिले की समस्याओं के लिए काफी चिंतित हुआ करते थे और समाचारों के माध्यम से अपनी बात अधिकारियों तक पहुंचने में उनका बड़ा योगदान होता था। इस मौके पर केदारनाथ अग्रवाल ने कहा कि जसराज जैन सहित वरिष्ठ पत्रकारों ने कोरबा का कायाकल्प करने में अपना काफी योगदान दिया है। कार्यक्रम को रफीक मेमन, सनत दास दीवान, पूर्व पार्षद धर्म निर्मले, विश्वनाथ केडिया, स्व. जसराज जैन के पुत्र सुनील जैन ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में श्री ठाकुर, विमल कुमार थवाईत, बजरंग सोनी, एहसान खान, खगेश्वर सिंह, इमरान खान, प्रदीप जायसवाल, श्याम बिहारी, शिव शंकर अग्रवाल, गुड्डा सिंह, मनीराम पटेल, अब्दुल गनी मेमन, रघु दिवान उपस्थित रहे।

## सभी विद्यार्थी शिक्षकों का करें सम्मानः हितानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यकम में उपस्थित अतिथिगण।

शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला सेक्टर 5 तथा शासकीय कन्या उच्चतर एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बालको नगर में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत विद्यालय का सामाजिक अंकेक्षण आयोजित हुआ। अंकेक्षण के दौरान नोडल अधिकारी एवं आमंत्रित अतिथियों द्वारा बच्चों से प्रश्न पूछे गए। आमंत्रित मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से सामूहिक बातचीत की। उन्होंने विद्यालय में मिल रही सुविधाओं एवं शिक्षा की गुणवत्ता के विषय में विद्यार्थियों से पूछा। विद्यालय के भवन एवं सरकारी योजनाओं के बारे में बातचीत की। मध्यान्ह भोजन, भारत के प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, भारत की आजादी जैसे अनेक सवाल उन्होंने बच्चों से पूछे। इस दौरान उपस्थित सभी अतिथियों ने कई सवाल बच्चों से किए, जिससे विद्यालय में चल रही शिक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी मिल सके। कार्यक्रम के दौरान शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सेक्टर 5 से नोडल अधिकारी श्रीमती रिंकू लोथ, विभा सिंह ठाकुर, सबीना तबस्सुम, अनीता राठौर, लता यादव, सावित्री वैष्णव, उषा शुक्ला, विनीता तिवारी, दीपा मिश्रा, शिखा पांडे, श्रद्धा साहू, राजेश्वरी चंद्रा, शाला प्रबंधन विकास समिति की अध्यक्ष अर्चना रुणिझा, सुधीर शर्मा, जगमोहन चौहान, रथ राम देवांगन, संगीता श्रीवास, यशोदा यादव, शासकीय कन्या उत्तर एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बालको नगर से अवलोकन कर्ता अधिकारी प्रभात भगत, अनीता राठौर, प्रभारी प्राचार्य एन तिवारी, प्रभारी प्रधानाध्यापक ए वाहने, उर्मिला राठौर, इंदु राठौर, शिवनारायण कुंभकार अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## लायंस स्कूल में बच्चों को सिखाया गया यातायात का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

यातायात पुलिस स्कूल कालेजों में पहुंचकर जनजागरुकता अभियान चला रही है। बुधवार को इस कड़ी में यातायात पुलिस की टीम शहर के टीपी नगर स्थित लायंस स्कूल

**खास बात**

- यातायात पुलिस लगातार पहुंच रही है स्कूलों में, बच्चों की जिज्ञासा को किया शांत

पहुंची जहां यातायात पुलिस के अधिकारियों ने बच्चों को यातायात का पाठ पढ़ाया।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश यातायात पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई है जो हर दूसरे दिन शहर या उप नगरीय क्षेत्र या स्कूलों को चिन्हांकित कर रही है और स्कूलों में पहुंचकर सभी स्कूली बच्चों, शिक्षकों की 1 घंटे की पाठशाला लगाई जा रही है। बुधवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितिश ठाकुर, डीएसपी डीके सिंह सहित अन्य अधिकारी लायंस स्कूल टीपी नगर पहुंचे जहां कार्यक्रम में यातायात एएसआई मनोज राठौर द्वारा बच्चों को हादसों को कैसे रोका जा सके और जिले में कैसे हादसे हो रहे हैं इसके लिए उनके द्वारा डेमो भी दिया गया और बच्चों को इसलिए जन जागरूकता के लिए चुना गया है कि उन्हें यह बताया जा रहा है कि अपने माता-पिता जो भी मोटरसाइकिल या स्कूटी लेकर घर से निकल रहे हैं उन्हें हादसों के बारे में प्रतिदिन याद दिलाने और हेलमेट न पहनने पर उसके क्या नुकसान हो रहे हैं और फायदे भी गिनाई जा रहे हैं और स्कूली बच्चों को भी अपने पालकों को रोक-टोक करने के लिए कहा जा रहा है और या फिर चार पहिया वाहन का इस्तेमाल करने के दौरान कितनी गति में वाहन चलाना है और ओवरस्पीड की वजह से कैसे हादसे हो रहे हैं यह भी बताया जा रहा है और कार चलाते समय किन-किन बातों की सावधानी रखनी है और सीट बेल्ट का कैसे इस्तेमाल करना है यह भी बच्चों को बताया जा रहा है और उन्हें यह भी प्रेरित किया जा रहा है कि इसके लिए रोज अपने पालको को रोकने टोकने के लिए ही कहा जा रहा है ताकि अपने बच्चों के रोकने टोकने पर पालक यातायात नियमों का पालन कर सकें और सड़क हादसों का ग्राफ को रोका जा सके।



स्कूल में यातायात की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

## शराबी शिक्षक को बीईओ ने दिया कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

शराब पीकर स्कूल पहुंचने वाले शिक्षक को विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिवस के भीतर उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के लिए नोटिस दिया गया है।

विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बसंतपुर के शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक राजेश कुमार कुर्रे ने 7 अक्टूबर दिन मंगलवार को शराब की नशे में मदहोश होकर स्कूल पहुंचे तथा इसी बीच पंचायत पदाधिकारीयों और ग्रामीणों ने स्कूल में निरीक्षण के दौरान शिक्षक को शराब की नशे के हालत में मिला तथा पंचायत व ग्रामीणों ने प्रधानपाठक दामोदर देवांगन के समक्ष उपस्थित होकर शिक्षक राजेश कुमार कुर्रे को शराब पीकर स्कूल आने की बात कही तो शिक्षक ने अपनी ग़लती स्वीकार की तथा सभी के समक्ष माफी मांगी। शिक्षक गोपी तिवारी को धान छटवाने के मामले में निलंबित किया गया है। अभी मामला शांत भी नहीं हुआ कि शासकीय प्राथमिक शाला बसंतपुर में शिक्षक राजेश कुमार कुर्रे ने शराब पीकर स्कूल पहुंचने के मामले में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती रत्ना थवाईत ने मामले को संज्ञान में लेकर तत्काल शिक्षक राजेश कुमार कुर्रे को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिवस के भीतर जवाब मांगा है।

### जेसीआई सेंट्रल की कार्यकारिणी हेतु चुनाव तिथि घोषित

**कोरबा।** जेसीआई कोरबा सेंट्रल की प्री-इलेक्शन जनरल बॉडी की बैठक कावेरी रेस्टोरेंट में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस बैठक में आगामी वर्ष 2026 के लिए संस्था की नई कार्यकारिणी के निर्वाचन की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई एवं नामांकन फॉर्म का विमोचन किया गया। संस्था के सचिव सी.ए. अंकित अग्रवाल ने बताया कि परंपरानुसार संस्था के आई.पी.पी. जेसी उत्कर्ष अग्रवाल को मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया और सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में जेसी सन्नी मित्तल, अंकित टमकोरिया व आनंद अग्रवाल नियुक्त हुए। चुनाव तिथि 11 नवम्बर निर्धारित की गई है। अध्यक्ष पद हेतु नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर व उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, निदेशक सहित अन्य पदों हेतु नामांकन की अंतिम तिथि 7 नवम्बर तय की गई।

## कौशल रथ का आगमन और एआई लिटरेसी मिशन का सफल समापन



कोरबा। देश की अग्रणी कौशल और उच्च शिक्षा संस्था आईसेक्ट द्वारा आयोजित कौशल रथ कौशल विकास यात्रा का समापन हो गया। यह यात्रा 6 अक्टूबर से शुरू होकर 20 राज्यों के 300 जिलों में 500 स्कूलों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंची। इस दौरान लाखों विद्यार्थियों, युवाओं तथा शिक्षकों को कौशल विकास और भविष्य की तकनीकों से अवगत कराया।

इस वर्ष की यात्रा का मुख्य आकर्षण एआई लिट्रेसी मिशन रहा। आईसेक्ट के विशेष रूप से तैयार किए गए कौशल रथ के माध्यम से गांव-गांव और शहर-शहर तक एआई, एआर, वीआर जैसी भविष्य की तकनीकों से संबंधित जानकारी, डेमो और प्रशिक्षण सामग्री प्रदान की गई। यात्रा के दौरान निःशुल्क एआई सेमिनार, कार्यशालाएं, करियर काउंसलिंग सत्र और तकनीकी प्रदर्शन आयोजित किए गए। यात्रा के दौरान आईसेक्ट एनएसडीसी साझेदारी में संचालित 250 से अधिक डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्सेस की जानकारी दी गई। इन कोर्सेस में कंप्यूटर, आईटी, फ्यूचर स्किल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, बैंकिंग और फाइनेंस, शिक्षक प्रशिक्षण, कृषि और रिटेल जैसे रोजगारोन्मुख विषय शामिल थे। आईसेक्ट के प्रवक्ता अरुण कुमार साहू तथा आकाश राखोंडे ने कहा, कौशल विकास यात्रा 2025 केवल एक शैक्षणिक अभियान नहीं है, बल्कि यह युवाओं को भविष्य की तकनीकों से जोड़ने, रोजगारोन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक ठोस पहल है। यात्रा के दौरान शहर के सम्मानित अतिथि रोजगार अधिकारी दीपेश भारती जिला रोजगार कार्यालय कोरबा ने आईसेक्ट के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि एआई लिट्रेसी मिशन और कौशल विकास यात्रा युवाओं के लिए मार्गदर्शक और रोजगारोन्मुख पहल साबित हुई। आईसेक्ट अब आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करके भारत के हर युवा को नए युग की तकनीकों से सशक्त बनाने की दिशा में काम जारी रखेगी।

## बालको ने स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित बालको के अधिकारी एवं अन्य।

बालको ने प्रदेश के रजत जयंती (25 वर्ष) उत्सव के उपलक्ष्य में राज्य शासन के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस पहल के अंतर्गत 300 से अधिक कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदारों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जो बालको की कर्मचारी कल्याण, निवारक स्वास्थ्य देखभाल और कार्यस्थल सुरक्षा के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

स्वास्थ्य शिविर में रक्तचाप एवं शुगर की जांच, नेत्र परीक्षण, सामान्य शारीरिक परीक्षण और आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं। इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समय पर निदान और विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श प्रदान कर कर्मचारियों में दीर्घकालिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना था। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि बालको में हमारा मानना है कि कि हमारे कर्मचारियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारी सफलता की सबसे बड़ी ताकत है। कंपनी में हम निवारक स्वास्थ्य देखभाल पर विशेष बल देते हैं ताकि हमारे कर्मचारी और व्यावसायिक साझेदार गुणवत्तापूर्ण जांच और समय पर चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठा सकें। यह स्वास्थ्य शिविर हमारे कर्मचारी कल्याण के प्रति सक्रिय दृष्टिकोण और सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संस्कृति को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हुए ही कंपनी ने एक विशेष फर्स्ट एड सर्टिफिकेशन प्रोग्राम का भी आयोजन किया। जिसमें 200 से अधिक कर्मचारियों और व्यावसायिक साझेदारों को जीवन रक्षक प्राथमिक चिकित्सा कौशल का प्रशिक्षण दिया गया। इस सत्र का उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया देने की क्षमता को विकसित करना था, जिससे कार्यस्थल और समाज में जागरूकता एवं जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा मिल सके। यह पहल बालको की समग्र स्वास्थ्य एवं जीवन सुरक्षा के प्रति दीर्घकालिक दृष्टि को प्रतिबिंबित करती हैं। इसमें नियमित स्वास्थ्य जागरूकता सत्र, समय-समय पर चिकित्सा जांच, रक्तदान शिविर, टीकाकरण अभियान और संगठन के सभी स्तरों पर सुरक्षा प्रशिक्षण शामिल हैं। इन निरंतर पहलों से बालको एक सुरक्षित, स्वस्थ और सहयोगपूर्ण कार्यसंस्कृति को सशक्त बनाने के अपने संकल्प को आगे बढ़ा रहा है।

## केपीएल संयंत्र पताढ़ी परिसर को किया गया संरक्षित क्षेत्र घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा पावर लिमिटेड (केपीएल) संयंत्र पताढ़ी के अंदर (परिसर) को प्रतिषिद्ध (संरक्षित) क्षेत्र घोषित किया गया है। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा 6 अक्टूबर को इस आशय का आदेश जारी किया गया है कि कोरबा पावर लिमिटेड (केपीएल) संयंत्र ग्राम-पताढ़ी में ताप विद्युत गृह है, जो प्रभावित ग्राम-पताढ़ी, पहंदा, खोड्डुल, ढनढनी, सरगबुंदिया, कटबितला में स्थित है। इस संयंत्र की स्थापना चार चरणों में प्रस्तावित है। उल्लेखनीय है कि संयंत्र क्षेत्र ग्राम पताढ़ी के गेट क्रमांक-1 एवं 2 में समय-समय पर विभिन्न श्रमिक संगठनों द्वारा धरना प्रदर्शन, चक्काजाम, काम रोको, तालाबंदी जैसी अन्य गतिविधियां होने की संभावना बनी रहती है। जिसके चलते ग्राम-पताढ़ी संयंत्र परिक्षेत्र अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र हो चुका है। अतः स्थापित संयंत्र और उसके प्रभाव क्षेत्र में आने वाले ग्रामों की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए एवं निर्बाध विद्युत उत्पादन हेतु संयंत्र क्षेत्र को निषिद्ध क्षेत्र घोषित करने की आवश्यकता है। अनुविभागीय अधिकारी (रा०) द्वारा तहसीलदर बरपाली एवं थाना प्रभारी, थाना उरगा से प्रतिवेदन लिया जाकर प्रतिवेदित किया गया है कि कोरबा पावर लिमिटेड (केपीएल) संयंत्र ग्राम-पताढ़ी के गेट क्रमांक-1 एवं 2 में समय-समय पर विभिन्न श्रमिक संगठनों द्वाराधरना प्रदर्शन, चक्काजाम, काम रोको, तालाबंदी जैसी अन्य गतिविधियां संचालित होना लेख किया गया है। संयंत्र का परिक्षेत्र वर्तमान में अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र कारण उक्त संयंत्र मेंनिर्वाध उत्पादन हेतु संयंत्र को गोपनीय अधिनियम 1923 की धारा-2 (डी) एवं छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा-25, 26 एवं 28 के तहत प्रतिषिद्ध (संरक्षित) क्षेत्र घोषित किये जाने की अनुशंसा की गई है।

## खबर संक्षेप



### सामाजिक अंकेक्षण कार्य का हुआ आयोजन

**कोरबा।** विकासखंड करतला अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरदा में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत सामाजिक अंकेक्षण कार्य का आयोजन किया गया। सामाजिक अंकेक्षण के लिए उपस्थित निरीक्षण अधिकारी प्राचार्य जीआर भार्गव, प्रभारी प्राचार्य कोथारी, सामाजिक अंकेक्षण अवलोकनकर्ता सीएल पटेल तथा सहयोगी शिक्षक अजय कुमार दुबे द्वारा अवलोकन किया गया। 20 प्रश्नावली के आधार पर मूल्यांकन पत्र भरा गया। प्राचार्य बीआर बाघमारे द्वारा सामाजिक अंकेक्षण के दौरान शाला में बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता में सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा कर सभी का आभार जताया। सेवानिवृत्त शिक्षक आत्माराम खुंटे तथा शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य रथराम पटेल अवलोकनकर्ता निरिक्षण के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती गायत्री सिदार, उप सरपंच नरेश पटेल, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रामलाल जायसवाल, सदस्य कोमल पटेल, सुखीराम पटेल, प्रकाश दास महंत, संकुल समन्वयक आरएल राजवाड़े ने बच्चों को उद्बोधन दिया। इस मौके पर श्रीमती रंजना दास, श्रीमती आईआर खलखो, श्रीमती अंजना कुजूर, श्रीमती गोपिका बाला साहू, श्रीमती नम्रता दुबे, श्रीमती विद्यालता कश्यप, चमन अग्रवाल, विपिन यादव, शैलेन्द्र पटेल, शनिदेव खुंटे, कार्यालय प्रभारी व्हीके श्रीवास, जेएस धुर्वे, लखन प्रसाद खरे, मंगल सिंह, चतुर सिंह कँवर, श्रीमती बसंती पटेल, श्रीमती धान बाई पटेल, श्रीमती साध्मती, श्रीमती चन्द्रिका कँवर, श्रीमती चंद्रा जांगडे उपस्थित रहे।

### बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत का प्रस्ताव हुआ पारित

**कोरबा।** जिलों को बाल विवाह मुक्त घोषित किए जाने संबंध में राज्य से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में कलेक्टर सह अध्यक्ष बालक कल्याण समिति अजीत वसंत के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिला को बाल विवाह मुक्त बनाए जाने हेतु निरंतर जन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके अनुक्रम में जनपद पंचायत करतला के 78 ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित किए जानें संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करतला की अध्यक्षता में सभी पंचायत सचिवों की संयुक्त बैठक आयोजित कि गई है। आयोजित बैठक में विवाह और पलायन रजिस्टर का अवलोकन किया गया। जिसके अंतर्गत जनपद पंचायत करतला के 78 ग्राम पंचायतों में 2023 से अब तक एक भी बाल विवाह होना नहीं पाया गया है। साथ ही भविष्य में कही कोई बाल विवाह नहीं हो इस हेतु पंचायतों की निगरानी एवं जागरूकता भी नियमित रूप से किये जाने हेतु चर्चा की गई। आयोजित बैठक में सीडीपीओ करतला तथा जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जनपद पंचायत करतला अंतर्गत 78 ग्राम पंचायतों में पिछले 2 वर्षो से एक भी बाल विवाह नहीं होने संबंध में बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत प्रस्ताव पारित कराया गया। उपरोक्त बैठक में सम्बंधित क्षेत्र के जनपद सदस्य, सभी ग्राम पंचायत सचिव, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी, एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन, हार्ड संस्था के प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सोनम वांगचुक के लिए जन चिंतक मंच करेगा उपवास आंदोलन

**रजगामार।** सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक द्वारा लद्दाख के कुछ जायज मांगों को लेकर आंदोलन में बैठे थे। 26 सितंबर को सोनम वांगचुक को सरकार द्वारा एनएसए लगाकर गिरफ्तारी किया गया क्योंकि 24 सितंबर में लद्दाख में हुई हिंसा का कारण सरकार सोनम वांगचुक को मान रही है जबकि जन चिंतक मंच यह मानता है कि सोना वांगचुक के द्वारा कोई हिंसा नहीं फैलाई गई है। इसी कड़ी में जन चिंतक मंच के संगठन प्रमुख नोबेंद्र कुमार साहू द्वारा राष्ट्रपति को जिला सक्ति कलेक्ट्रेट के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया। नोबेंद्र कुमार साहू ने महामहिम राष्ट्रपति कोअपने ज्ञापन पत्र में लिखा है कि वर्तमान में चल रहे लद्दाख और सोनम वांगचुक वाले मामले पर जो कदम आंदोलनकारियों ने उठाया वह अनुचित था परंतु जो कदम सुरक्षा बलों द्वारा उठाई गई है वह भी कहीं ना कहीं अनुचित थी, जिसमें कुछ लोगों की जान तक चली गई। इसमें मरने वालों में एक पूर्व सैनिक भी शामिल है। जन चिंतक मंच के समर्थित लोगों द्वारा छत्तीसगढ़ में लद्दाख और सोनम वांगचुक के समर्थन में एक दिवसीय उपवास 12 अक्टूबर को अपने अपने घरों में बैठकर करेंगे। जिसके लिए प्रदेश सचिव युगल पुजारी, प्रदेश उपाध्यक्ष नेहरू लाल व प्रदेश कोषाध्यक्ष यशवंत कुमार तथा प्रदेश संयुक्त सचिव विनोद कुमार केवट द्वारा उपवास के कुछ दिन पूर्व अलग-अलग जिलों में प्रवास कर बैठक आयोजन में हिस्सा लेंगे।

## बैठक लेकर विभागीय कामकाज की विस्तार से की समीक्षा

# विकास कार्यों की धीमी प्रगति पर आयुक्त हुए नाराज, दिए तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अधिकारियों की बैठक लेते निगम आयुक्त।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने विकास एवं निर्माण कार्यों की धीमी कार्यप्रगति पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यों में अपेक्षित तेजी लाने, स्वीकृत कार्यों की निविदा प्रक्रिया समयसीमा में पूरी करने व निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यों को प्रारंभ कराने तथा प्रगतिरत कार्यो में अपेक्षित गति लाकर समयसीमा में कार्यो को पूरा करने, कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखने आदि के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने समय सीमा के प्रकरणों, जनशिकायतों व जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण करने एवं नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुडे. कार्यों को सर्वप्राथमिकता के साथ किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने नगर निगम सभाकक्ष में निगम के अभियंताओं, अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की विस्तार से बिन्दुवार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिन-जिन कार्यों में अपेक्षित गति नहीं पाई गई, उन पर अपनी नाराजगी जाहित करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने बैठक के दौरान वित्त आयोग मद, अधोसंरचना मद, जिला खनिज न्यास मद, सीएसआर मद, प्रभारी मंत्री मद, सांसद मद, विधायक मद, एनकैप, मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद, महापौर मद, पार्षद मद, निगम मद के कार्यों के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन, स्वच्छ भारत मिशन सहित अन्य विभिन्न मदों के अंतर्गत सी.सी. रोड, नाली, सीवर लाईन, सामुदायिक भवन, कलवर्ट, किचन शेड, सार्वजनिक मंच, शाला भवन, उद्यान आदि के निर्माण व मरम्मत, तालाब के विकास व सौदंर्यीकरण, डिवाईडर निर्माण, अहाता व बाउण्ड्रीवाल निर्माण, विद्युत विस्तार सहित अन्य विविध कार्यों की कार्यप्रगति की जोनवार व मदवार विस्तार से समीक्षा की तथा कार्या की भौतिक व वित्तीय कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों में उपस्थित होने वाले अवरोधों को समय पर दूर करते हुए कार्यों में आवश्यक गति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, उपायुक्त पवन वर्मा, लेखाधिकारी भवकांत नायक, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, अखिलेश शुक्ला सहित अन्य उपस्थित थे।

### ब्लेकलिस्टेड की हो सकती है कार्यवाही

बैठक के दौरान निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने जोन कमिश्नरों, अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि विकास व निर्माण कार्यों के प्रति उदासीनता स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि बार-बार नोटिस दिए जाने के बाद भी जिन निर्माण एजेंसियों द्वारा कार्यप्रारंभ नहीं किया जा रहा है, कार्यों के प्रति लगातार उदासीनता दिखाई जा रही है। अनुबंध शर्तो का उल्लंघन हो रहा है, उन्हें ब्लेकलिस्टेड भी किया जा सकता है। इस संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही प्रस्तावित करें ताकि विकास व निर्माण कार्यो को गति मिले तथा शहर विकास के कार्य सुचारू रूप से संपादित हो।

# शिवनगर रूमगरा वार्ड का भ्रमण कर निगम आयुक्त हुए आमजनों की समस्याओं से रूबरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



निरीक्षण करते निगम आयुक्त।

निगम आयुक्त ने मंगलवार को नगर निगम शिवनगर रूमगरा वार्ड की विभिन्न बस्तियों व मोहल्लों का भ्रमण कर वहाँ के समस्याओं से रूबरू हुए। उन्होंने सड़क, नाली, स्ट्रीट लाईट व साफ-सफाई जैसी जरूरी व्यवस्थाओं से जुड़ी समस्याओं पर विशेष फोकस करते हुए समस्याओं का त्वरित निराकरण किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निगम के वार्ड क्र. 47 शिव नगर रूमगरा पहुंचे। श्री पाण्डेय ने वार्ड क्र. 47 की विभिन्न बस्तियों व मोहल्लों में पैदल डोर-टू-डोर भ्रमण करते हुए वहाँ के रहवासियों से रूबरू हुए, समस्याओं को जाना एवं निराकरण हेतु त्वरित रूप से आवश्यक कदम उठाने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्थित मुक्तिधाम का निरीक्षण किया तथा मुक्तिधाम में पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए, इसी प्रकार उन्होंने आवश्यकता को देखते हुए वार्ड पार्षद के घर के समीप कलवर्ट व नाली निर्माण, शिव नगर विद्यालय में पेयजल की व्यवस्था हेतु नल स्थापित किए जाने को कहा। वार्ड की बिरसामुंड़ा बस्ती में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है, उन्होने निर्माण कार्य में तेजी लाने एवं 23 अक्टूबर तक उक्त कार्य को पूरा करने के निर्देश भी अधिकारियो को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने वार्ड पार्षद व बस्ती के नागरिकों की मांग पर वार्ड की आवश्यकता के अनुसार स्ट्रीट लाईट लगाए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने अधिकारियें को निर्देशित किया। उन्होंने बस्तीवासियों से पूछा कि उनके घरों से नियमित रूप से अपशिष्ट का संग्रहण होता है या नहीं, कचरा संग्रहण हेतु नियमित रूप से स्वच्छता दीदियाँ उनके घरों में पहुंच रही है या नहीं, आयुक्त श्री पाण्डेय ने बस्ती के लोगों से आग्रह किया कि वे सूखा व गीला कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में संग्रहित करें तथा दोनों प्रकार के कचरे को पृथक-पृथक रूप से ही स्वच्छता दीदियों को दें।

### खुली नालियों को स्लेब से कवर करें

भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने बस्ती में स्थित नालियों का अवलोकन किया, नालियाँ खुली होने से उनमें प्लास्टिक, पन्नी व अन्य कचरा डाल दिया जाता है, जिससे नालियों के जाम होने की स्थिति पैदा होती है, वहीं वहॉ के रहवासियों को नालियाँ खुली रहने से असुविधा भी होती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खुली नालियों के ऊपर स्लेब की ढलाई कर नालियों को कवर करें, ताकि नालियों में कचरा डालने की गुंजाईश न रहे व उनके जाम होने की स्थिति से बचा जा सके।

# सेवा करने से मन को मिलती है शांति : गोस्वामी



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य।

**खास बात**

- लायंस क्लब ने कस्तूरबा छात्रावास में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर की अग्रणी समाज सेवी संस्था लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा बुधवार को सेवा सप्ताह के अंतर्गत कस्तूरबा छात्रावास कटघोरा में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। क्लब के अध्यक्ष ला मनोज अग्रवाल ने बताया कि डिसट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ ला विजय अग्रवाल ने बताया था कि डिसट्रिक्ट के सभी क्लबों को 2 से 8 अक्टूबर को सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाना है इसके अंतर्गत लायन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा 6 अक्टूबर को कस्तूरबा छात्रावास के बच्चो के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें करीब 8 छात्राओं के द्वारा स्वच्छता के ऊपर एक से बढ़कर एक सुंदर चित्रकारी बनाई गई मनोज अग्रवाल ने बताया कि इस प्रकार के सेवा करने से निश्चित ही मन को शांति मिलती है। डॉ गोपाल गोस्वामी ने बताया कि निश्चित ही क्लब के द्वारा छात्रावास के बच्चों के बारे में सोचते हुए बच्चो के लिए नित्य दिन एक से बढ़कर एक कार्यक्रम आयोजित किये गए निश्चित ही इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इस छात्रावास की बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है ये बच्चे सभी खेलों में परिपूर्ण हैं जिसकी वजह से इस छात्रावास की बच्चे नेशनल खेलों में भी अपना प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। स्वच्छता के ऊपर बनाये गए प्रतिभागियों के द्वारा चित्रों का श्रीमती मोनी अग्रवाल, श्रीमती रीना अग्रवाल, श्रीमती सरोज गोयल, श्रीमती बबली गर्ग के द्वारा निरीक्षण किया। जिसमें रागिनी ने प्रथम, पूनम द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों को क्लब के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्रावास की शिक्षिकाओं के साथ डिसट्रिक्ट पीआरओ व क्लब संरक्षक अजय धनोंदिया, क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, संरक्षक अजय गर्ग, सचिव प्रकास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश गोयल, उपाध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, पार्षद राजूदास दीवान उपस्थित रहे।

# वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के अवसर पर स्कूली बच्चों ने जाना वन्यप्राणी संरक्षण का महत्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत में वनों और उनके संरक्षण के लिए 1952 से हर साल वन्यजीव संरक्षण सप्ताह मनाया जाता है जिसका उद्देश्य लोगों में जागरूकता और करुणा उत्पन्न करना हैं। इस साल 71 वे वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के अवसर पर सेंट जेवियर स्कूल एवं न्यू ऐरा पब्लिक स्कूल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वन्य जीव संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना, वन विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताना और उनके उत्तरदायित्व को समझना था। यह कार्यक्रम नोवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी द्वारा डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया एवं कोरबा वनमंडल के तत्वाधान में किया गया।

सेंट जेवियर स्कूल के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आशिष खेलेवार (उप वनमण्डलाधिकारी, कोरबा वनमण्डल), वहीं न्यू ऐरा पब्लिक स्कूल के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमति तोषी वर्मा (उप वनमण्डलाधिकारी, कोरबा वनमण्डल) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वन्य जीव केवल जंगल की शोभा नहीं बल्कि पृथ्वी के पारिस्थितिक संतुलन के रक्षक हैं, उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे पर्यावरण की रक्षा को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। नोवा नेचर वेल्फेयर सोसायटी के अध्यक्ष एम. सूरज ने कहा कि प्रकृति और जीव-जंतुओं का संरक्षण भविष्य की पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने संस्था द्वारा बाघों, वन भैंसे, मानव हाथी द्वंद एवं किंग कोबरा के किए जा रहे संरक्षण के प्रयासों के बारे में बताया। कार्यक्रम में कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर से डॉ. फैज़ बॉक्स ने जैव विविधता और आर्द्रभूमि के महत्व पर रोचक प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि आर्द्रभूमियां पृथ्वी की किडनी कहलाती हैं क्योंकि ये जल शुद्धिकरण, भूजल संरक्षण और अनेक वन्य प्रजातियों के आवास के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### छात्रों ने किया बायोडायवर्सिटी पार्क का भ्रमण

बालको रेंज वन विभाग द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला केसालपुर के विद्यार्थियों के लिए बायोडायवर्सिटी पार्क एवं जंगल भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, वन्य प्राणी संरक्षण, तितलियों एवं कीट-पतंगों की भूमिका, तथा जैव विविधता के महत्व की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में रेंजर जयंत सरकार, डिप्टी रेंजर कांति कंवर, बीट अधिकारी चेतन ध्रुव, ज्योतिष राठिया, भास्कर, किरण टिग्गा, हर्षवती लेहरे सहित विद्यालय की प्रधानाध्यापिका गीता यादव उपस्थित रहीं। रेंजर जयंत सरकार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण का संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने छात्रों को पेड़ लगाने, वन्यजीवों की रक्षा करने और स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। डिप्टी रेंजर कांति कंवर एवं अन्य अधिकारियों ने छात्रों को बताया कि कीट-पतंगे और तितलियाँ पर्यावरण के संतुलन में अहम भूमिका निभाते हैं। छात्रों ने पार्क में विभिन्न पौधों, पक्षियों और तितलियों का अवलोकन किया और उनसे संबंधित जानकारी प्राप्त की। प्रधानाध्यापिका गीता यादव ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और प्रकृति संरक्षण की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम का समापन बच्चों द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा की शपथ के साथ किया गया।




# श्री सप्तदेव मंदिर में गुरू गोविंद सिंह की 350वीं शहीदी शताब्दी रैली का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



गुरू गोविंद सिंह की 350वीं शहीदी शताब्दी दिवस के अवसर पर छग सिक्ख समाज के द्वारा संपूर्ण प्रदेश में एक कीर्तन एवं शहीदी यात्रा निकाली गई जो को 6 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे श्री सप्तदेव मंदिर पहुंची। जहॉ श्री सप्तदेव मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी ने इस कीर्तन एवं शहीदी यात्रा का झमाझम गिरते बरसात में भी भीगते हुए स्वागत व पूजा अर्चना किया। श्री मोदी ने बताया कि गुरू गोविंद सिंह ने इस देश के लिये अपने पूरे परिवार का बलिदान दिया उनके इस बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता एवं उनका बलिदान आज भी हम सब के लिये प्रेरणादायी है। एवं हम सब के लिये यह क्षण गौरान्वित करने वाला है जब उनकी संकीर्तन एवं शहीदी यात्रा कोरबा पहुंची और नगरवासियों ने उनके दर्शन एवं अर्चना की। इस अवसर पर अशोक मोदी के साथ शीतल कौर, ज्योति यादव, अन्नू सोनवानी, हरीश राजवाडे, आशीष सिंह उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सब इंजीनियर के...

तो उसने बताया कि भंडारी चौक पुरानी बस्ती में रहने वाले बाबू जायसवाल 19 वर्ष पिता रामकुमार जायसवाल और प्रदीप कुमार पिता संजय कुमार दोनों ने मिलकर पिछले महीने उनसे डरा धमका कर धीरे-धीरे सोने चांदी के जेवरात की डिमांड की थी। भयभीत होकर उसके पुत्र ने सारा जेवरात उन्हें सौंप दिया था। मामले की लिखित शिकायत पर नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल एक्शन में आए और मामले की तहकीकात शुरू की और बाबू जायसवाल और प्रदीप को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने पहले तो पुलिस को गोल-गोल जवाब देते रहे बाद में दोनों ने जुर्म कबूल कर लिया और दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने हृदय नारायण सिंह के घर से चोरी हुई सोने चांदी के जेवरातों को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 308 (5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### मुख्यमंत्री साय...

है कि वह जगह यही है। हालांकि इसे लेकर दावे दूसरे भी हैं। याद रहे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीते वर्ष कटघोरा में जायसवाल समाज द्वारा आयोजित सहस्त्रबाहु जयंती के अवसर पर उनकी मांग को स्वीकार किया और सहस्त्रबाहु के नाम पर चौराहा पर प्रतिमा स्थापना की घोषणा की थी। जायसवाल समाज ने इसके लिए चकचकवा तिराहे पर दावा ठोका और कामकाज की कोशिश की। इसी को लेकर टकराव की स्थिति निर्मित हुई। इस मामले में विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल सहित अपर कलेक्टर व अन्य अधिकारियों को हस्तक्षेप करना पड़ा। बाद में निर्माण कार्य रूकवा दिया गया। घटनाक्रम को लेकर जायसवाल एवं कंवर समाज के कुछ लोगों ने रायपुर जाकर मुख्यमंत्री से भेंट की, जिसके बाद कंवर समाज द्वारा यथास्थिति का आश्वासन दिया गया। सूत्रों ने बताया कि कटघोरा नगर में जटगा तिराहे पर जायसवाल समाज को जमीन देने और वहां भगवान सहस्त्रबाहु की प्रतिमा लगाने की बात हुई है और इसे मान लिया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव के 9 अक्टूबर को कटघोरा प्रवास को तय मानते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने आज फौरी तौर पर यहां का निरीक्षण किया। अन्य संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को तैयारी में लगाया गया है।

## बिजनेस साइट

### सोने और चांदी की शुद्धता में कोरबा की पहली पसंद सुनालिया ज्वेलर्स



**कोरबा।** पावर हाउस रोड कोरबा स्थित सुनालिया ज्वेलर्स विगत 65 वर्षों से जिले का विश्वनीय प्रतिष्ठान बना हुआ है, जहां सोने एवं चांदी के आभूषण उपलब्ध है। सुनालिया ज्वेलर्स के संचालक विनोद सुनालिया ने बताया कि इस त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए ग्राहकों के लिए सोने के जेवर कम वजन के साथ नई डिज़ाइन में उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि सोने के आभूषण हार टॉप्स लटकन अंगूठी लॉकेट उपलब्ध हैं। सोने के जेवर 22 एवं 18 कैरेट में है। ग्राहकों से मेकिंग मात्र 10 प्रतिशत लिया जाएगा। साथ ही ग्राहकों को अपने पुराना सोना पर 100 प्रतिशत की वापसी मिल सकेगी। चांदी के सिक्कों 100 प्रतिशत चांदी, चांदी के बर्तन 100 प्रतिशत प्योर। चांदी के आभूषण में पायल , बिछाया, करधन, नए नए डिज़ाइन में उपलब्ध है। सुनालिया ज्वेलर्स में डिजिटल सोना तथा चांदी खरीदने पर भी विशेष छूट दी जा रही है। 10 अक्टूबर को करवा चौथ के अवसर पर जितना वजन सोना खरीदने पर उतना ही वजन चांदी फ्री ऑफ़र उपलब्ध है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा**
**जिला कोरबा (छ०ग०)**

मामले की श्रेणीः राजस्व
संदर्भ :- जिला- कोरबा, तहसील-कोरबा
प.ह.नं.-00027 अखरापाली
ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध
प्रकरण क्रमांक- RD202425550107500009

**ईश्तहार**

तहसील कोरबा के प.ह.नं. 00027 के अंतर्गत ग्राम अखरापाली के वर्तमान भूमिस्वामी भरतलाल पि. चंद्रिका प्रसाद पिता/पति पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 559/3(0.1270), 599/8(0.0610) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता शांति साहू पिता/पति-पिता चन्द्रिका प्रसाद साहू पता-निवासी अखरापाली तह० व जिला कोरबा के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है।

इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15/10/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा, जिला कोरबा (छ०ग०) पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता /आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/09/2025 को जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदारः** DEEPAK PATEL
**तहसील कोरबा**

**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

प्रकरण कमांक 12/2025
प्रोसेस कमांक 148/2025
पेशी तारीख 16/10/2025

**अजय कुमार सारथी** — **वादी**
**बनाम**
**एसईसीएल परियोजना कुसमुण्डा** — **प्रतिवादी**
**आम जनता (जिनका इससे कोई संबंध हो)**

वादी / आवेदक अजय कुमार सारथी के द्वारा प्रतिवादी/अनावेदक एसईसीएल कुसमुण्डा परियोजना के विरुद्ध धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत माननीय न्यायालय श्रीमान कु. रंजू वैष्णव प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मृतक विशेश्वर प्रसाद सारथी पिता खुसरु निवासी एम-754 आदर्श नगर कुसमुण्डा, थाना कुसमुण्डा जिला कोरबा (छ.ग.) है। का स्व. विशेश्वर प्रसाद पिता खुसरु एम्पलाई कोड क्रमांक 21424510 कुसमुण्डा खदान के EXACAVATIONVVS में सफाई कामगार के रुप में कार्यरत थे। जिनकी मृत्यु दिनांक 12/07/2023 को ड्यूटी से घर आने के पश्चात हो गई है। आवेदक द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पेश किया गया है। को उक्त आवेदन पत्र के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 16/10/2025 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश करे अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

यह आज तारीख 23/09/25 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

दिनांक 23/09/25

**(कु. रंजू वैष्णव)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**TOP IN KORBA**

**GURUKRIPA COLLEGE** ADMISSION GUIDENS 2025-26 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## खबर संक्षेप



### ब्लाक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में जुटे कार्यकर्ता

**चैतमा।** संगठन सृजन अभियान के तहत जिला में ब्लाक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन मंगलवार को ग्राम चैतमा के भारत भवन में किया गया। जिसमें एआईसीसी पर्यवेक्षक रामचंद्र खुटिया पीसीसी पर्यवेक्षक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, सांसद श्रीमती छाया वर्मा, राजेन्द्र तिवारी के द्वारा कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु चर्चा किया गया। राहुल गांधी के संदेश दिया गया जिसमें हिदायत दिया कि पदाधिकारी के विरूद्ध किसी प्रकार की अपराध दर्ज नहीं होना चाहिए, संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु पर्यवेक्षक द्वारा वन टु वन चर्चा किया गया। साथ ही साथ कांग्रेस पार्टी के अनुशासन का पालन किया जाने का भी निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी हरीश परसाई, प्रदेश महामंत्री प्रशांत मिश्रा, पूर्व विधायक पाली तानाखार मोहित केरकेटा, छाया विधायक पालीतानाखार, दुलेश्वरी सिदार, जिला अध्यय ग्रामीण मनोज चौहान, नवीन सिंह, अमरनाथ, डीके आदिले, सतनारायण पैकरा, कयुमबेग, अमित भदौरिया, पुराण सिंह कंवर, शेख इशरार एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी पाली के पदाधिकरी, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवा दल, एनयूएसआई, इंटक, किसान कांग्रेस, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि और ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### साइबर क्राइम पर नुक्कड़ नाटक कर विद्यार्थियों ने जागरूकता का दिया संदेश



**कोरबा।** त्रिलोकी पब्लिक स्कूल कटघोरा के विद्यार्थियों द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह चौक कटघोरा में साइबर क्राइम और ऑनलाइन फ्रॉड जागरूकता विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस नाटक का उद्देश्य आम नागरिकों को ऑनलाइन ठगी, फेक कॉल और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम प्राचार्या डॉ. मोना ठाकुर के मार्गदर्शन में तथा स्मिता गुप्ता, काजल और योगिता के निर्देशन में तैयार किया गया। विद्यार्थियों ने अपने जीवंत अभिनय और सशक्त संवादों के माध्यम से यह बताया कि कैसे अनजान लिंक, फेक वेबसाइट और गलत मैसेज के माध्यम से लोग ठगी का शिकार बनते हैं, और इनसे बचने के सरल उपाय क्या है।

### वैज्ञानिक दृष्टिकोण से लाभकारी कार्तिक मास में सूर्योदय से पहले स्नान करना

**कोरबा।** कार्तिक मास को सबसे पवित्र महीनों में गिना गया है। इस महीने में सूर्योदय से पहले स्नान करना न केवल धार्मिक दृष्टि से, बल्कि स्वास्थ्य और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत लाभकारी माना जाता है। पुराणों में उल्लेख है कि इस माह का ब्रह्ममुहूर्त स्नान व्यक्ति को पापों से मुक्त कर मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग दिखाता है। धर्मशास्त्रों के अनुसार, कार्तिक मास भगवान विष्णु को अति प्रिय है पद्मपुराण में यह कहा गया है कि कार्तिक में प्रातःकाल पवित्र नदियों, झीलों अथवा घर पर गंगाजल से स्नान करने से अनेक जन्मों के पाप मिट जाते हैं।। सूर्योदय से पहले का समय अत्यंत शुभ माना गया है, क्योंकि इस समय का वायु मंडल शुद्ध होता है और आध्यात्मिक साधना के लिए उपयुक्त होता है। स्नान के बाद भगवान विष्णु और तुलसी का पूजन करने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है। प्राचीन परंपराओं में छिपा विज्ञान भी आज आधुनिक चिकित्सा द्वारा स्वीकार किया गया है। विशेषज्ञों के अनुसार प्रातःकाल स्नान करने से रक्तसंचार बेहतर होता है, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मानसिक स्फूर्ति बनी रहती है। खासतौर पर ठंड के मौसम में सूर्योदय से पहले स्नान करने से शरीर की आंतरिक गर्मी संतुलित रहती है और दिनभर ताजगी बनी रहती है।

### सुनालिया सब स्टेशन में विद्युत पोल सहित की थी अन्य सामानों की चोरी

# सब स्टेशन में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विगत दिनों सब स्टेशन में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर लाखों रुपए कीमती विद्युत पोल सहित अन्य सामानों की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरी का मामला सामने आते ही पुलिस की टीम हरकत में आई और पुलिस ने चोरों के

**खास बात**

- वारदात में इस्तेमाल की गई पिकअप वाहन सहित चोरी का सामान पुलिस ने किया बरामद

खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को सुलझाते हुए सब स्टेशन में चोरी करने वाले क्षेत्र के दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है और चोरी के सामान को बरामद करते हुए चोरी की वारदात में इस्तेमाल की गई पिकअप वाहन को भी पुलिस ने जप्त कर लिया है। नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 सितंबर को सुनालिया सबस्टेशन में काम करने वाले ठेका कर्मी गिरवर प्रसाद पटेल ने थाने में लिखित



पुलिस द्वारा जप्त की गई पिकअप।

शिकायत दर्ज कराई थी कि 27 सितंबर की रात अज्ञात चोरों ने सब स्टेशन में घुसकर सबस्टेशन में रखे विद्युत पोल सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली है। गिरवर प्रसाद


आरोपी


आरोपी

पटेल की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच में जुटी हुई थी। पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज व मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने इमलीडुग्गू निवासी कासिम खान 21 वर्ष पिता करीम खान व सर्वमंगला रोड निवासी पंकज श्रीवास उम्र 25 वर्ष पिता ललित श्रीवास को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की तो उन्होंने सुनालिया स्थित सब स्टेशन में चोरी करना कबूल कर लिया। दोनों आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने विद्युत पोल सहित अन्य सामानों को बरामद कर लिया है और चोरी की वारदात में इस्तेमाल की गई पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 12 बी 1958 को भी पुलिस ने जप्त कर लिया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

## खाद बिक्री में समिति प्रबंधक की मनमानी किसानों ने कलेक्टर से की शिकायत


शिकायत करते किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत मोरगा सहकारी समिति में धान बिक्री के दौरान समिति प्रबंधक के द्वारा की जा रही गड़बड़ियां रुकने का नाम नहीं ले रही है। पूर्व में की गई शिकायत के बाद भी गड़बड़ियों का खेल अनवरत जारी है और अब शिकायत करने वाले व अन्य किसानों को पूर्व में कम बोरी खाद देने के बाद अब उसे रिकार्ड में अधिक बोरी देना बताकर वसूली की कार्यवाही की जा रही है।

समिति में धान बिक्री के दौरान खाद की वसूली की जाती है। वर्तमान में मोरगा समिति प्रबंधक ने किसानों को कम बोरी या निश्चित मात्रा में खाद की बोरी नहीं दी गई। जबकि बाहरी लोगों को पूर्व में इसका वितरण कर दिया गया था जिसकी शिकायत गोंगपा के नेतृत्व में किसानों ने जिला प्रशासन से की थी जिसपर प्रशासनिक कार्यवाही शुरु तो हुई लेकिन प्रभावी नहीं होने के कारण समिति प्रबंधक किसानों पर ही हावी हो गये। गोंगपा ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया कि किसानों की जानकारी के बिना गैर कानूनी तरीके से ऋण लिया गया है। साथ ही अनाधिकृत रुप से खाद की मात्रा चढ़ाकर किसानों के नाम पर अतिरिक्त एवं अनाधिकृत ऋण किसानों के उपर कर्ज के रुप में डाल दिया है। जिसके कारण समिति के अधिकांश किसानों के द्वारा लिए गए खाद के अतिरिक्त खाद की राशि का भार किसानों पर पड़ेगा। समिति के किसानों के समिति के रिकार्ड में वर्ष 2023-24 में भी अनाधिकृत ऋण एवं खाद की अतिरिक्त मात्रा चढ़ाई गई थी। जिसका भुगतान समितियों को किसानों के द्वारा धान देकर किया गया था। जिसकी राशि आज पर्यंत तक किसानों को नहीं मिली। इस पूरे मामले की किसानों ने जांच की मांग की है।

## विधायक ने चिर्रा-श्यांग मार्ग का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया के प्रयासों से रामपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई दिशा मिली है। डीएमएफ से 186 करोड़ 90 लाख रुपये की राशि से अधिक के 640 कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनमें सड़क, विद्यालय, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत

**खास बात**

- 30 गांवों में वर्षों की प्रतीक्षा हुई पूरी, ग्रामीणों में खुशी

भवन, पीडीएस गोदाम, छात्रावास, आवासीय भवन और सीसी रोड निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। विकास कार्यों की शुरुआत चिर्रा-श्यांग मार्ग के भूमि पूजन के साथ की गई, जिसका विधिवत शुभारंभ विधायक राठिया ने पूजा-अर्चना कर किया। इस अवसर पर लगभग 30 ग्रामों के लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने कहा कि पिछले 50 वर्षों में जो नहीं हुआ, वह आज हमारे विधायक के कार्यकाल में संभव हुआ है। रामपुर विधानसभा क्षेत्र मुख्य रूप से अनुसूचित जनजाति बहुल है और वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझता रहा है। अब डीएमएफ मद से स्वीकृत परियोजनाओं के तहत सड़क, विद्यालय, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन, पीडीएस गोदाम, छात्रावास, आवासीय भवन और सीसी रोड निर्माण जैसे कार्य तेजी से आरंभ किया जाएगा। रामपुर विधानसभा क्षेत्र 20 का एक अलग पहचान है। इस विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अधिकांश गांव में अनुसूचित जनजाति


भूमिपूजन करते विधायक।

वर्ग के लोग निवास करते हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में विकासखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र और करतला विकासखंड के गांव सम्मिलित है। दशकों से इस विधानसभा अंतर्गत अनेक गांवों में विकास की दरकार थी। सड़क, स्कूल भवन, आंगनबाड़ी भवन, सीसी रोड, उपार्जन केंद्र गोदाम निर्माण, पंचायत भवन सहित कई ऐसी मांगे थीं, जो ग्रामीणों के लिए जरूरी होने के साथ ही उन्हें विकास की राह में जोड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण आधार भी था। रामपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों से आई मांगों के आधार पर यहाँ न सिर्फ कार्यों की स्वीकृति मिली। आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्यों को पूरा करने की दिशा में भी सतत प्रयास किया गया।

# खदान विस्तार का विरोध, किसान सभा ने घेरा गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेतृत्व में गेवरा क्षेत्र से प्रभावित गांवों के भूविस्थापितों ने रोजगार, बसावट, मुआवजा की मांगों के सकारात्मक समाधान के लिए एसईसीएल के गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय के दोनों

**खास बातें**

- पुनर्वास एवं प्रत्येक छोटे खातेदारों को रोजगार की रखी मांग
- घंटों तक घेराव के बाद गेवरा महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

मेन गेट को 6 घंटो तक बंद कर घेराव कर दिया। जिससे एसईसीएल का काम प्रभावित हुआ। घेराव के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस और सीआईएसएफ बल की तैनाती की गई थी। इस दौरान प्रदर्शनकारियों व सीआईएसएफ जवानों के बीच नोंकझोंक भी देखने को मिली।

किसान सभा के नेताओं ने अधिकारियों से कहा कि भूविस्थापितों की समस्याओं का


ज्ञापन सौंपते भूविस्थापित।

निराकरण किए बगैर खदान विस्तार का कार्य नहीं होने देंगे अगर प्रबंधन ने जबरन कोशिश की तो आगे खदान बंद कर उग्र प्रदर्शन करेंगे। किसान सभा ने गेवरा क्षेत्र से प्रभावित भूविस्थापितों को नियमित रोजगार, पुनर्वास, मुआवजा के साथ बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की ओर समस्याओं का समाधान नहीं होने तक खदान विस्तार को रोकने की चेतावनी भी दी। छग किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि एसईसीएल द्वारा विस्थापित होने वाले प्रत्येक छोटे विस्थापित परिवार को भी नियमित रोजगार देने के साथ विस्थापितों को पुनर्वास की सुविधा और नए पुराने के नाम पर मुआवजा में कटौती करना बंद करना होगा। किसान सभा के नेता ने आरोप लगाया कि पूर्व में अधिग्रहित ग्रामों के रोजगार, मुआवजा, बसावट के मामले लंबित है और नए विस्तार तेजी से प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है, जिसका किसान सभा विरोध करती है। कुछ दिन पूर्व कटघोरा एसडीएम और गेवरा जीएम द्वारा बल प्रयोग कर जबरन खदान विस्तार का प्रयास किया जा रहा था, जिसका भारी विरोध हुआ। जिसके बाद एसईसीएल को काम बंद कर लौटना पड़ा था। एसईसीएल से प्रभावित सभी छोटे खातेदारों को एकजुट कर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। किसान सभा के जिला सचिव दीपक साहू ने कहा एसईसीएल से प्रभावित होने वाले प्रत्येक छोटे-बड़े खातेदारों को स्थाई नौकरी, विस्थापित होने ग्रामों के विस्थापितों को बसावट प्रदान किया जाए और प्रभावित सभी गांवों में बुनियादी पेयजल समस्या का तत्काल समाधान की मांग भी की है। समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन का विस्तार कर खदान बंद करेंगे। घेराव के दौरान जनपद सदस्य नेहा सिंह तंवर, रलिया सरपंच विष्णु बिंझवार, शिव कुमारी, शिवदयाल, दामोदर श्याम, रेशम यादव, तुकेश दास, रमेश दास, सोनू, जय कौशिक, कैलाश, सुमेन्द्र सिंह, कुसुम प्रसाद, चरण दास, अमित भारद्वाज, किशुन लाल, बंधन, मनोज कुमार, राहुल, दिनेश, भीमसिंग, चंद्रभूषण राठौर, प्रकाश, ओमकार, पवन, राजेंद्र राठौर, श्याम दास, विवेकदास, संजय साहू, देव लाल चंद्रा, नारायण सहित बड़ी संख्या में भूविस्थापित उपस्थित थे।

## पंचायत सचिव को जनपद सीईओ ने जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत करतला अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत जर्वे में ग्राम सभा नहीं कराए जाने के मामले को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ने पंचायत सचिव को नोटिस जारी कर स्वयं उपस्थित होकर साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण मांगा है। अन्यथा एकपक्षीय कार्यवाही करने की चेतावनी दी है।

इस मामले के अनुसार जनपद पंचायत करतला के ग्राम जर्वे में पदस्थ सचिव शोभित राठिया द्वारा शासन द्वारा ग्राम सभा के लिए जारी निर्देशों के तहत बीते 8 माह से एक भी ग्राम सभा नहीं कराया गया था।


हरिभूमि
आदेश के बाद भी ग्राम सभा का नहीं हुआ आयोजन, गंभीर नहीं दिखे अधिकारी

हरिभूमि में प्रकाशित खबर की कतरन।

जिसको लेकर हरिभूमि ने 8 अक्टूबर के अंक में समाचार प्रकाशित किया था। उक्त प्रकाशन के बाद जनपद सीईओ ने पंचायत सचिव को नोटिस जारी कर दो दिन के अंदर स्पष्टीकरण साक्ष्य सहित स्वयं उपस्थित होकर देने का निर्देश दिया है। जारी नोटिस में यह बताया गया है कि फरवरी में पंचायत चुनाव समाप्त होने के बाद से पिछले 8 माह में एक बार भी ग्राम सभा का आयोजन नहीं किया गया है जबकि जिला कार्यालय के द्वारा ग्राम सभा आयोजित करने एजेंडा सहित तिथि भी जारी की जाती है और इसके निर्देश भी सभी पंचायत सचिवों को जारी किये जाते हैं। इसके वाबजूद ग्राम सभा का आयोजन न होना गंभीर प्रकरण है।

### संविदा पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत 102 महतारी एक्सप्रेस एम्बुलेंस हेतु इमरजेन्सी मेडिकल टेक्नीशियन (ईमटी) के 14 पदों (अनारक्षित 5, अनुसूचित जाति-1, अन्य पिछड़ा वर्ग-2, अनुसूचित जनजाति-6) पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। उक्त रिक्त संविदा पदों पर पात्र इच्छुक अभ्यार्थियों से 24 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### पीसीसी पर्यवेक्षक मोहन मरकाम, छाया वर्मा, राजेन्द्र तिवारी, जयसिंह अग्रवाल हुए शामिल

# महिलाएं अपने काम पर करती हैं ज्यादा ध्यान केन्द्रित: खुटिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महिलाएं अपने काम पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करती हैं। वर्तमान परिवेश में सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी क्षेत्र में तेजी से बदलाव (परिवर्तन) हो रहा है। ऐसे समय में आप जैसे नेताओं, राजनैतिक को आगे आना चाहिए। जून से लगातार देशभर में संगठन के कायाकल्प अभियान के तहत संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। देश भर के कई राज्यों में जिला अध्यक्षों का चयन किया जा चुका है और कई राज्यों में इस अभियान के तहत जिला अध्यक्ष चयन करने प्रक्रिया प्रगतिशील है। इसी अभियान के तहत छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी 41 संगठन जिलों में एआईसीसी परिवेक्षक के साथ 3-3 पीसीसी परिवेक्षक अपने-अपने प्रभार जिलों में लगातार बैठक लेकर कांग्रेसजनों के साथ-साथ आमजनों की मंशा जानने का कार्य कर रहे हैं।

उक्त बातें जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित महिला कांग्रेस की बैठक को संबोधित करते एआईसीसी पर्यवेक्षक आरसी खुटिया ने कही। जिले में एआईसीसी परिवेक्षक डॉ.रामचंद्र खुटिया, पीसीसी परिवेक्षक मोहन मरकाम, छाया वर्मा, राजेन्द्र तिवारी


कार्यकर्ताओं से चर्चा करते कांग्रेस नेता।

ने बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में महिला कांग्रेस ग्रामीण एवं शहर की संयुक्त बैठक लेकर महिलाओं को भी राजनीति में आगे आने का आव्हान किया और वन टू वन महिला नेत्रियों से उनकी राय व पसंद पुछा। डॉ.आरसी खुटिया ने कहा कि अब तक ग्रामीण क्षेत्र से दो और शहर जिला के लिए 10 कांग्रेस नेताओं ने आवेदन प्रस्तुत किया है। इसके अलावा और भी लोंगो ने आवेदन पत्र लिया है एक दो दिनों में सभी प्राप्त आवेदन पत्र की सूची बनाकर आवेदकों के नाम सार्वजनिक किया जावेगा। डॉ.खुटिया ने कहा कि शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्षों के लिए 6-6 नामों का पैनल बनाकर एआईसीसी को रिपोर्ट सौंपा जावेगा। डॉ.आरसी खुटिया के उद्बोधन से प्रभावित होकर महिलाओं ने भी आवेदन जमा किया है। ग्रामीण से एक एवं शहर से तीन महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने आवेदन जमा किया है। बैठक को संबोधित करते हुए पीसीसी परिवेक्षक मोहन मरकाम ने कहा कि भारत में महिलाएं, शक्ति का प्रतीक है। राजनीति में महिलाएं ख्याति अर्जित कर सकती हैं। यह पूरी तरह से आप निर्भर है कि आप अपनी क्षमता का कैसे उपयोग करती हैं। आप किसी प्रत्याशी को जीत दिलाने में सक्षम एवं बेहतर होते हैं क्योंकि आप घर के रसोई तक पहुंचकर पार्टी के रीति नीति का प्रचार-प्रसार कर पाती हैं। बैठक को पीसीसी परिवेक्षक पूर्व सांसद छाया वर्मा ने भी संबोधित किया। उन्होंने राजनीति में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डाला। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थुलाल यादव, मनोज चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष हरीश परसाई, सपना चौहान, प्रदेश सचिव विकास सिंह, बीएन सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी एवं प्रभा तंवर, प्रदेश पदाधिकारी रेखा त्रिपाठी, अर्चना उपाध्याय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411